प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

अधिसूचना

प्रदेश सरकार ने सरकारी विभागों व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में दो वर्ष या अधिक समय से रिक्त चल रहे सभी पद समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं। वित्त विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और सम्बन्धित अधिकारियों को वर्ष 2012 के दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। आदेशों के अनुसार अधिकारी ऐसे अस्थाई या नियमित पदों को समाप्त मानते हुए इन्हें बजट बुक से एक सप्ताह में हटा दें ।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला जिला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा–क्वार के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे महिलाओं को 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' से लाभान्वित करेंगे। मुख्यमंत्री डोडरा–क्वार दौरे के दौरान जनसभा को संबोधित करेंगे और डोडरा में जनसमस्याएं भी सुनेंगे। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दूरदराज के गांवों में जाकर लोगों की शिकायतों का उनके घरद्वार पर निवारण करना है और इसी तरह के निर्देश मंत्रिमण्डल के सदस्यों को भी जारी किए गए हैं।

धर्माणी

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने सहकारी सभाओं को राशन की बिक्री तक सीमित रहने के बजाय अन्य गतिविधियों में संभावनाएं तलाशने को कहा है। वे कल नादौन विधानसभा क्षेत्र के धनेटा गांव के भदरूं में राज्य सहकारी संघ शिमला द्वारा सहकारिता से समृद्धि विषय पर आयोजित जिला स्तरीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर कई सार्वजनिक सेवाएं सहकारी सभाओं को सौंपने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं को स्वयं सहायता समूहों, किसानों, बागवानों और अन्य लोगों के अच्छे उत्पादों की मार्केटिंग के लिए आगे आना चाहिए।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार सभी औद्योगिक, विद्युत और पर्यटन इकाइयों में हिमाचलियों को रोजगार सुनिश्चित कर रही है। कल शिमला में श्रम व रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को राज्य की निजी औद्योगिक इकाइयों में हिमाचलियों के लिए 80 प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रणधीर

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनके सहयोगी मंत्रियों पर निराधार बयानबाजी कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। शिमला में कल एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने भानुपल्ली–बिलासपुर–बेरी–रेलवे लाईन को लेकर कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं पर लगाए गए आरोपों पर कहा कि वे अपनी सरकार की कमियों पर पर्दा डालने के लिए बेवजह किसी पर दोषारोपण कर रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र द्वारा संचालित परियोजनाओं में रोड़े अटकाने का काम कर रही है। उन्होंने उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को टॉयलेट और लगेज टैक्स पर घेरते हुए कहा कि अगर सरकार ने ये टैक्स नहीं लगाए थे तो इन्हें वापस क्यों लिया गया।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को किया जाए मजबूत। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–भुभूजोत टनल बनवाएं रक्षामंत्री।

दैनिक भास्कर की ख़बर है–उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिमाचल ने रखे पंजाब, हरियाणा से वॉटर सेस और बीबीएमबी में स्थायी सदस्य के मुद्दे।

पंजाब केसरी व दैनिक सवेरा टाइम्स मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–पी.जी. कोर्स करने वाले चिकित्सकों को पूरा वेतन देगी सरकार। आपका फैसला की सुर्खी है–पीजी कर रहे डॉक्टरों को अब पूरा वेतन, बिजली–परिवहन कर्मियों को डीए का तोहफा।

हिमाचल दस्तक का कहना है–सीएम सुक्खू आज डोडरा क्वार प्रवास पर–महिलाओं को वितरित करेंगे सम्मान निधि।

सरकार में 2 वर्ष व इससे अधिक समय से खाली पड़े पद समाप्त–अधिसूचना जारी संबंधी–ख़बर भी आज अधिकांश समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुई है।